# ननि में जोन प्रभारियों में बदलाव होगा

**1** –दो दिन हो सकते हैं आदेश

**5** जोन प्रभारियों को बदला जा सकता है

विजय शर्मा

**भोपाल. 3 जुलाई. नगर निगम में जल्द ही जोन प्रभारियों में फेरबदल होने जा रहा है. निगम के उन जोनों के प्रभारियों की छुट्टी हो सकती है, जो एलडीसी स्तर के कर्मचारी हैं और वर्षों से जोन प्रभारी बने हुए है.**

बुधवार को जोन 15 में ठाकुर सिंह को हटाते हुए राजस्व




निरीक्षक कुलदीप जैन को पदस्थ किया है.

नगर निगम में 21 जोन हैं. जिनमें कुलदीप जैन जोन 15 के अकेले प्रभारी ऐसे हैं जो राजस्व निरीक्षक हैं. वहीं 16 सहायक राजस्व निरीक्षक जोन प्रभारी पदस्थ हैं. जोन 5 प्रभारी मुकेश केनिया, जोन 12 प्रभारी रजनीश श्रीवास्तव, जोन 13 प्रभारी नीलेश श्रीवास्तव एलडीसी और जोन10 में प्रभारी शैलेष चौहान जो कुर्क अमीन है. सूत्रों अनुसार वर्तमान में इन चारों जोन प्रभारियों को हटाया सकता है.

### 5 राजस्व निरीक्षक के पास प्रभार नहीं

नगर निगम में वर्तमान में लगभग 12 राजस्व निरीक्षक हैं जिनमें से 5 के पास अभी कोई प्रभार नहीं है. नूतन खरे, योजना शाखा, सोनाली साहू योजना, मयंक जाट योजना एवं दो अभी इंदौर से स्थानांतरण होकर आए हैं. निगम में इनको जोन प्रभारी बनाए जाने की चर्चाएं हो रहीं है.

### वार्ड प्रभारी को बना दिया था राजस्व अधिकारी

नगर निगम में मूल पद पर पदस्थापना तो की ही नहीं जाती है. या तो उनको कार्यालय में एसडीसी का कार्य सौंप दिया जाता है या फिर एक या चार पद ऊपर पर बैठा दिया जाता है. जैसे सहायक राजस्व निरीक्षक अर्जुन मेघानी को राजस्व अधिकारी बनाया गया था. जबकि उनका मूल पद वार्ड प्रभारी का है. वहीं अधिकतर जोनों में सहायक राजस्व अधिकारी जोन प्रभारी बने हुए हैं.

मयंक जाट को जोन 10, नूतन खरे को जोन 17, सत्य प्रकाश बड़गैंया को जोन 6, रामदत्त तिवारी को जोन 21. सोनाली साहू को जोन 19 और दो नये आरआई को जोन 13 एवं 12 का प्रभारी बनाया जा सकता है. सत्यप्रकाश बड़गैंया (प्रोग्रामर) वर्तमान में जन्म मृत्यु पंजीयन शाखा ओर मयंक जाट विवाह पंजीयन शाखा में रजिस्टार के पद पर पदस्थ हैं, राजस्व निरीक्षक रामदत्त तिवारी भवन अनुज्ञा शाखा में एलडीसी का कार्य कर रहे है. राजस्व निरीक्षक कमलेश गौर जो वर्तमान में राज्य मंत्री कृष्णा गौर के यहां पर कार्य देख रहे हैं, इतने राजस्व निरीक्षक होने के बाद भी एलडीसी जोन प्रभारी बने हुए हैं.

## चोरी करने वाला नाबालिग पकड़ाया

**भोपाल.** बागसेवनिया थाना पुलिस ने सूने मकान में सेंध लगाकर चोरी करने वाले एक नाबालिग बालक को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने उसके कब्जे से करीब 8 लाख रुपये मूल्य के सोने के जेवर बरामद किए हैं. पुलिस के अनुसार, फरियादी जपेन्द्र चंदेलकर 26 जून को घर में ताला लगाकर गुजरात गए थे.29 जून को लौटने पर उन्होंने घर का सामान बिखरा पाया और गोदरेज अलमारी का ताला टूटा मिला. अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर गायब थे. शिकायत पर बागसेवनिया थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई. पुलिस ने नाबालिग की निशानदेही पर एक सोने का हार, अंगूठी, मंगलसूत्र और दो कंगन बरामद किए गए.



# आरजीपीवी में प्रश्नपत्रों के 9 बंडल चोरी

- खिड़की तोड़कर वारदात, परीक्षा रद्द
- पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**भोपाल, 3 जुलाई. राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) के यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट (यूटीडी) में प्रश्नपत्र चोरी की बड़ी घटना सामने आई है.**

गुरुवार रात अज्ञात बदमाश खिड़की तोड़कर परीक्षा शाखा में घुसे और नौ विषयों के प्रश्नपत्रों के बंडल चोरी कर ले गए. घटना के बाद विश्वविद्यालय की परीक्षा व्यवस्था और सुरक्षा प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं. गांधीनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. जानकारी के अनुसार, स्कूल ऑफ बायोमॉलिक्यूलर टेक्नोलॉजी एंड बायोटेक्नोलॉजी की परीक्षा शाखा से आगामी परीक्षाओं के नौ विषयों के प्रश्नपत्र गायब पाए गए. इसका खुलासा शुक्रवार सुबह उस समय हुआ, जब चतुर्थ सेमेस्टर (एआईएमएल) की परीक्षा देने पहुंचे विद्यार्थियों को परीक्षा शुरू होने से ठीक पहले बताया गया कि प्रश्नपत्र चोरी होने के कारण परीक्षा आयोजित नहीं की जा सकती.

गांधीनगर थाना पुलिस के अनुसार, परीक्षा शाखा में एक दर्जन से अधिक अलमारियां होने के बावजूद केवल एक अलमारी को निशाना बनाया गया. वहीं कार्यालय की एक खिड़की टूटी मिली, जबकि अन्य ताले और दरवाजे सुरक्षित पाए गए. पुलिस का कहना है कि घटना की हर पहलू से जांच की जा रही है और विश्वविद्यालय का कुछ स्टाफ भी जांच के दायरे में है.

### अभाविप ने विवि परिसर में किया प्रदर्शन

घटना के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, परीक्षा नियंत्रक की जिम्मेदारी तय करने और परीक्षा सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की .पुलिस का कहना है कि एफआईआर दर्ज कर तकनीकी और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर जांच जारी है.

## एक नजर में

### अवैध खनन की जांच पूरी, आज सौंपी जाएगी रिपोर्ट

**भोपाल.** ग्राम रोजीवे में अवैध खनन के मामले में शुक्रवार को जांच पूरी की जा चुकी है. पूरे दिन खनिज विभाग के कर्मचारी अधिकारी जांच पड़ताल में लगे रहे. यह रिपोर्ट जांच के बाद एसडीएम हूजूर विनोद सोनकिया को सौपी जाना था लेकिन वह किसी कार्य से तहसील कार्यालय में मौजूद नहीं थे. इसलिए यह जांच रिपोर्ट शनिवार को सौंप दी जाएगी. उसके बाद कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को आगे की कार्रवाई के लिए भेजी जाएगी. बता दें कि उक्त मामले में भूमि स्वामी हरिचरण ने समतलीकरण के नाम से 44 घनमीटर अतिरिक्त मिट्टी बेचने की परमीशन खनिज विभाग से ली थी.

### कर्मचारी मंच ने वन बल प्रमुख को सौंपा ज्ञापन

**भोपाल.** मप्र कर्मचारी मंच के बैनर तले वन विभाग के प्रदेश भर के कंप्यूटर ऑपरेटर कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई. जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे प्रदेश अध्यक्ष ने की. बैठक में तीन सूत्रीय प्रस्ताव पारित किया गया. प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया है कि बैठक के बाद कंप्यूटर ऑपरेटर कर्मचारियों ने पैदल मार्च किया. पैदल मार्च वन भवन मुख्यालय पहुंचा औरवन बल प्रमुख पीसीसीएफ शुभ रंजन सेन को दो सूत्रीय ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में मांग की गई है कि वन विभाग के कंप्यूटर ऑपरेटर कर्मचारियों को आईटी शाखा के कंप्यूटर ऑपरेटर कर्मचारियों के समान ही संविदा नियुक्ति प्रदान की जाए.

# डीईओ और जेडी का तबादला

**1.55 करोड़ रुपए घोटाले के बाद फेरबदल**

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 3 जुलाई. राजधानी के जिला शिक्षा कार्यालय में सामने आए 1.55 करोड़ रुपए के बड़े वित्तीय घोटाले के बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रशासनिक स्तर पर अधिकारियों के तबादले कर दिया हैं.**

इसी फेरबदल के तहत भोपाल जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) और ज्वाइंट डायरेक्टर (जेडी) समेत कई अधिकारियों को हटाकर नई नियुक्तियां की गई हैं. भोपाल में जिला शिक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी संभाल रहे नरेंद्र अहिरवार को यहां से हटाकर विदिशा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में संयुक्त संचालक के पद पर ट्रांसफर कर दिया गया है. उनकी जगह अब अभिनव आर्य को भोपाल का नया डीईओ बनाया गया है, जो इससे पहले डीपीआई में पदस्थ थे. भोपाल के ज्वाइंट डायरेक्टर अरविंद चौरगढ़े को भी उनके पद से हटाकर डीपीआई मुख्यालय में अटैच कर दिया गया है. उनकी जगह अब संयुक्त संचालक लोक शिक्षण कार्यालय भोपाल की कमान डीके शर्मा को सौंपी गई है, जो इससे पहले भी भोपाल में डीईओ के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं. दरअसल, जिला शिक्षा कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 कर्मचारी सीजे जायसन द्वारा अप्रैल 2023 से दिसंबर 2025 के बीच क्रीड़ा निधि में करीब 1.55 करोड़ रुपए की भारी वित्तीय अनियमितता की गई थी.

# 6 कोचिंग सेंटरों पर ननि ने जड़े ताले



**फायर सेफ्टी में सुधार करने का दिया था नोटिस**

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 3 जुलाई. राजधानी में शुक्रवार को नगर निगम के फायर सुरक्षा दल ने कोचिंग सेंटरों पर कार्रवाई की. यह कार्रवाई शहर के लालघाटी व इंद्रपुरी क्षेत्र में संचालित 6 कोचिंग सेंटरों को सील कर दिया है. इन सेंटरों पर आग बुझाने के इंतजाम नहीं मिले.**

गत सप्ताह नगर निगम और जिला प्रशासन के दल ने कोचिंग सेंटरों पर फायर सेफ्टी की जांच की थी. इस दौरान अधिकतर कोचिंग सेंटरों में छात्रों की सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध नहीं पाए गए थे. उन सभी कोचिंग सेंटरों को फायर सेफ्टी के सभी प्रबंध दुरस्त करने 7 दिन की समयावधि का नोटिस दिया गया था. उसके बाद भी सुधार नहीं किया गया जिसके चलते यह कार्रवाई की गई. नगर निगम उपायुक्त भुवन गुप्ता ने लालघाटी स्थित एलन इंस्टीट्यूट, इंद्रपुरी गोयल टॉवर स्थित अय्यूब खान कोचिंग, श्रेयांश कोचिंग, कीर्तिमान अकादमी, एब्सिल्यूट इंस्टीट्यूट व एनआईटीडीपी टेज्निंग आनलाइन इंस्टीट्यूट पर ताले जड़ दिए गए. इससे पहले प्रशासन ने गुरुवार को एमपी नगर जोन-2 की दुर्रानी व अन-एकेडमी को सील करने की कार्रवाई की थी.

# कार्रवाई : बीके फूड प्रोडक्ट्स को किया सील

- जिला खाद्य सुरक्षा दल ने की कार्रवाई

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 3 जून. जिला खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने शुक्रवार को मिलावटी और दूषित खाद्य पदार्थ के निर्माण और बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की. इस दौरान अचारपुर में संचालित गुलाब-जामुन व कुकीज बनाने वाली फैक्ट्री बीके फूड प्रोडक्ट्स को सील कर दिया.**



फैक्ट्री संचालक ने एफएसएसएआई के लाइसेंस लेते समय पता लांबाखेड़ा का डलवाया था, लेकिन फैक्ट्री का संचालन अचारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया में किया जा रहा है. खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि जांच दल शाम को जांच के लिए प्लॉट नंबर 96 अचारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया पहुंची था. जांच के दौरान जब फैक्ट्री प्रभारी इंद्र कुकेरेजा से एफएसएसएआई लाइसेंस मांगा गया, जब लाइसेंस देखा तो उसमें पता ही दूसरा था. नियमों की धज्जियां उड़ाकर बीते एक महीने से इस पूरी यूनिट को अवैध रूप से अचारपुरा में शिफ्ट कर चलाया जा रहा था.

## कृषि विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा के आवेदन शुरू

**भोपाल.** मप्र कर्मचारी चयन मंडल ने समूह 2 उप समूह 1 के अंतर्गत कृषि विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा 2026 की नियम पुस्तिका जारी कर दी है. भर्ती परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया 3 जुलाई से प्रारंभ हो कर दी गई है, जो 17 जुलाई जारी रहेगी. इसके बाद आवेदन पत्र में किसी प्रकार का सुधार या संशोधन करना है तो उसकी अंतिम तिथि 22 जुलाई निर्धारित की गई है.परीक्षा 2 अगस्त से प्रारंभ होगी, जो दो पालियों में आयोजित की जाएगी.पहली पाली सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी. दूसरी पाली दोपहर ढाई बजे से शाम साढ़े 5 बजे तक होगी.

# हेलमेट पहनने वालों को मिलेंगे फूड कूपन

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 3 जुलाई. राजधानी में शुक्रवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने पुलिस कमिश्नर के साथ शहर में सड़क सुरक्षा को लेकर भ्रमण किया.**

उन्होंने पॉलिटेक्निक चौराहा होते हुए स्मार्ट पार्क, डिपो चौराहा और स्मार्ट रोड तक यातायात और सड़क निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और पुलिस आयुक्त संजय कुमार ने गोविंदपुरा स्थित स्मार्ट सिटी कार्यालय में इंटिग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के काम करने का तरीका बारीकी से समझा. इसके बाद उन्होंने सड़क सुरक्षा समिति के साथ बैठक ली. बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर



ने आईटीएमएस को एआई आधारित तकनीकों से लैस करने के निर्देश दिए, जिससे शहर की बैठक यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके. शहर में सड़क हादसों को रोकने के लिए चिन्हित 16 ब्लैक स्पॉट की समीक्षा की गई. अधिकारियों ने बताया कि 1250 चौराहा, हबीबगंज, 1100 क्वार्टर और व्यापम चौराहा क्षेत्र में सुधार कार्य हो रहा है.

कलेक्टर ने गोविंदपुरा और आईएसबीटी क्षेत्रों में ब्लैक स्पॉट को सुधारने के निर्देश दिए. इसके अलावा दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने पर चुनिंदा मौकों पर रेस्टोरेंट्स के कूपन दिए जाएंगे. सरकारी विभागों के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए हेलमेट का उपयोग अनिवार्य कर दिया गया है.

# लावारिस लोगों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार

## जीआरपी ने रेलवे स्टेशनों पर शुरू हुआ विशेष अभियान

**भोपाल, 3 जुलाई. अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (रेल) राजाबाबू सिंह के निर्देश पर जीआरपी भोपाल ने 1 से 31 जुलाई तक रेलवे स्टेशनों, प्लेटफॉर्म और आसपास के क्षेत्रों में विशेष अभियान शुरू किया है.**

अभियान के तहत लंबे समय से रेलवे परिसर में रह रहे निराश्रित, बेघर, परित्यक्त महिलाओं, भिक्षावृत्ति करने वालों और बिना कारण घूमने वाले बच्चों की पहचान कर उनका डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है. जरूरतमंदों का पुनर्वास भी कराया जाएगा. अभियान के तहत प्रत्येक व्यक्ति से पूछताछ, मोबाइल से



फोटोग्राफी और डिजिटल डोजियर तैयार किया जाएगा. नाबालिग बच्चों के मामलों में किशोर न्याय अधिनियम के तहत कार्रवाई होगी, जबकि महिलाओं और दिव्यांगों को संबंधित विभागों के सहयोग से पुनर्वास उपलब्ध कराया जाएगा. भीख मंगवाने वाले गिरोहों की संलिप्तता मिलने पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं.

इसी क्रम में 2 जुलाई को भोपाल रेलवे स्टेशन, मुसाफिरखाना, प्लेटफॉर्म और रेलवे ट्रैक क्षेत्र में 31 पुरुष, 11 महिलाएं और 2 बच्चों सहित कुल 44 लोगों से पूछताछ कर उनका डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया गया. जिनके परिजन नहीं मिले, उन्हें सेवा संस्थाओं से जोड़ा गया. वहीं दो नाबालिग बच्चों को उनके परिजनों से मिलाया गया तथा 70 वर्षीय बीमार वृद्ध को उपचार के लिए अस्पताल भेजकर उसके परिजनों को सूचना दी गई.

# जनसंवाद में उठे ट्रैफिक और सुरक्षा के मुद्दे

सिटी रिपोर्टर

**भोपाल, 3 जुलाई. पुलिस आयुक्त संजय कुमार ने गौतमनगर थाना क्षेत्र की कृष्णा कॉलोनी में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं.**

इस दौरान लोगों ने स्कूलों की छुट्टी के समय लगने वाले ट्रैफिक जाम और कॉलोनी की मुख्य सड़क व पीजीबीटी रोड पर तेज रफ्तार वाहनों से बढ़ रहे हादसों पर चिंता जताई. नागरिकों ने दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग भी रखी.पुलिस



आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए. कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई गई.

## 10 जुलाई से होगी प्री नर्सिंग सिलेक्शन परीक्षा

**भोपाल.** मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित की जाने वाली प्री नर्सिंग सिलेक्शन टेस्ट 2026 की परीक्षाएं आगामी 10 जुलाई से शुरू होने जा रही हैं. परीक्षा दो पालियों में होगी.पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी. परीक्षा में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों को मंडल की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किया गया प्रवेश पत्र और एक मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र जैसे मतदाता परिचय पत्र पैन कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस या पासपोर्ट साथ लाना अनिवार्य होगा.

# सार्थक एप पर गलत अटेंडेंस लगाने वाले डॉक्टरों पर कार्रवाई

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल,3 जुलाई. मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सार्थक एप में चिकित्सकों और स्टाफ द्वारा नियम विरुद्ध अटेंडेंस लगाने की गड़बड़ी पाए जाने पर बड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई है.**

इस मामले में लापरवाही बरतने वाले दो डॉक्टरों और एक कर्मचारी का वेतन काटते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है. समीक्षा में पाया गया कि वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. शक्ति गोलाइत द्वारा महीने के आधे दिन निर्धारित कार्यस्थल से दूर रहकर उपस्थिति दर्ज करवाई जा रही थी. इसके साथ ही उनके द्वारा अधिकांश समय चेक आउट भी नहीं किया गया था .इस पर संज्ञान लेते हुए सीएमएचओ ने उनकी 15 दिन के वेतन कटौती के आदेश जारी किया है.इसके अलावा बांडेड डॉ.अभिप्शा शर्मा द्वारा भी निर्धारित कार्यस्थल से साढ़े आठ किलोमीटर की दूरी से चेक इन और चेक आउट कर उपस्थिति दर्ज करवाई जा रही थी.इसी प्रकार हेमलता मालवीय द्वारा भी तय स्थान से लगभग 10 किलोमीटर दूर से उपस्थिति लगाई जा रही थी.नियम विरुद्ध गतिविधि सामने आने पर इन दोनों का एक माह का वेतन काटा गया है.

**दुर्घटना होने की संभावना** | फिसलन और कीचड़ वाले रास्ते से जा रहे स्टॉफ और मरीज

# जेपी में ओपीडी के मुख्य मार्ग पर फाटक बंद





नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 3 जुलाई. जेपी अस्पताल में वाहनों की पार्किंग रोकने के नाम पर ओपीडी की तरफ जाने वाले मुख्य मार्ग के फाटक को बंद कर दिया है.**

विकल्प के रूप में दूसरे रास्ते से जाने को कहा जा रहा है, जिसकी हालत दयनीय है. वैकल्पिक रास्ता पूरी तरह कच्चा और मिट्टी वाला है.बारिश के इस मौसम में यह पूरा मार्ग कीचड़ और मलबे में तब्दील हो चुका है, जिससे हर समय दोपहिया वाहनों के फिसलने और राहगीरों के गिरने का डर बना रहता है. जिससे मरीजों और स्टाफ के साथ दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है. वहीं मुख्य मार्ग पर फटकी गिरने के कारण अब अस्पताल का स्टाफ और मरीज इसी फिसलन भरे रास्ते से दो पहिया वाहन से गुजरने को मजबूर हैं. इस मामले में पार्किंग स्टॉफ पंकज ने बताया कि प्रबंधन की तरफ से आदेश है कि गाड़ियों का जमावड़ा बिल्डिंग के सामने न लगे, इसीलिये फटकी गिरा दी जाती है और लोगों को दूसरे रास्ते से आने जाने के लिये कहा जाता है.

### खबर का असर



जेपी अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं का टूटा 'शीशा'

एक सप्ताह से खाली पड़ा है सेल्फ केयर किट का डिब्बा

बॉक्स की सुध लेने वाला कोई नहीं

जेपी अस्पताल में ओपीडी के पास लगे सेल्फ केयर किट के डिब्बे की बदहाली को लेकर बीते दिनों नवभारत में खबर प्रकाशित की गई थी. जिसके बाद प्रबंधन ने मामले का संज्ञान लेकर कार्रवाई करते हुए सेल्फ केयर किट के डिब्बे में रखे जाने वाली परिवार नियोजन की सामग्री तो रखवा दी है. लेकिन डिब्बे का टूटा कांच अब भी ठीक नहीं कराया गया है. जिससे डिब्बे में रखी सामग्री अब धूल खा रही है.

# 90% ई-अटेंडेंस नहीं करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 3 जुलाई.मप्र के सरकारी स्कूलों में डिजिटल हाजिरी यानी ई अटेंडेंस को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने अब बेहद कड़ा रुख अपना लिया है.सरकार की तमाम कोशिशों और चेतावनियों के बाद भी कई शिक्षक इस नियम को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं.**

विभाग द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार राज्य में वर्तमान में करीब 90 प्रतिशत शिक्षक ही ई अटेंडेंस के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं. अभी भी दस प्रतिशत शिक्षक डिजिटल हाजिरी नहीं लगा रहे हैं.जिसको नियमों का उल्लंघन मानते हुये लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने सख्त




कार्रवाई का आदेश जारी कर दिया है. डीपीआई के आयुक्त अभिषेक सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब उन संकुल प्राचार्यों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. जिन्होंने नियम तोड़ने वाले शिक्षकों का वेतन रोकने के बजाय उनके वेतन आहरण के दस्तावेज आगे बढ़ा दिए हैं. संचालनालय ने ऐसे प्राचार्यों को निलंबित करने और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं.

## 25 जुलाई से 13 दिन होगी अग्निवीर सेना भर्ती रैली

**भोपाल.** बरखेड़ा नाथू में 25 जुलाई से 6 अगस्त तक अग्निवीर सेना भर्ती आयोजित की जा रही है. जिसकी तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट में अपर कलेक्टर महेंद्र सिंह ने संबंधित अधिकारियों की बैठक ली. इसमें अभ्यर्थी को भर्ती प्रक्रिया के दौरान किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े. अभ्यर्थियों के लिए सभी जरूरी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, विद्युत वितरण कंपनी, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस प्रशासन को शुद्ध पेयजल, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, अस्थायी विश्राम व्यवस्था, पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं, एम्बुलेंस, ट्रैफिक प्रबंधन,सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.